वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 163 | शनिवार 8 अक्टूबर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## मुख्यमंत्री ने की राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम 2022 लॉन्च




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को इन्वेस्ट राजस्थान समिट के दौरान राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम 2022 (रिप्स-2022) लॉन्च की। इसके अंतर्गत राज्य में व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित करने वाले, अनुसूचित जनजाति/जाति के उत्थान में योगदान देने वाले तथा क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम 2022 के अंतर्गत इस प्रकार के उद्योगों के लिए कई तरह की सब्सिडी तथा आईजीएसटी पुनर्भरण का प्रावधान किया गया है।

## शॉर्ट मूवी दिखाकर लोगों को किया मोटिवेट

### नशे से दूर रहकर मन को शांत रखने वाला रहता है सबसे ज्यादा स्वस्थ्य

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत जयपुर के नींदड़ स्थित भारत नगर कच्ची बस्ती के लोगों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचने के संबंध में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान गौतम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और मेंटल हेल्थ सब कमिटी इंडियन साइकेट्रिक सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान लोगों को नशे के दुष्प्रभाव पर आधारित एक शॉर्ट मूवी दिखाई। गौतम हॉस्पिटल की सीईओ राज्यश्री गौतम की निर्मित इस शॉर्ट मूवी 'संभलते कदम' सत्य घटनाओं पर आधारित है। इस मूवी में ये दिखाया है कि कैसे व्यक्ति नशे की ओर खिंचता चला जाता है। इसके अलावा मूवी में नशे से शरीर व दिमाग पर होने वाले दुष्प्रभाव और उपचार के बारे में बताया गया। सीनियर साइक्राइटिस्ट डॉ. मनस्वी गौतम ने बताया कि अगर व्यक्ति अपने मन को शांत रखने का जितना प्रयास करेगा वह उसके स्वास्थ्य के लिए उतना ही अच्छा रहता है और वह स्वस्थ्य रहता है।

## राजस्थान में 60 हजार करोड़ इन्वेस्ट करेंगे : अडाणी

### दो मेडिकल कॉलेज, उदयपुर में क्रिकेट स्टेडियम खोलेंगे

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने जयपुर में हुई इन्वेस्ट राजस्थान समिट में 60 हजार करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट के साथ ही दो जिलों में मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोलने और उदयपुर में क्रिकेट स्टेडियम खोलने की बड़ी घोषणा की है। टोरेंट ग्रुप के चेयरमैन सुधीर मेहता ने भी जयपुर में वर्ल्ड क्लास क्रिकेट एक्सीलेंस एकेडमी खोलने की घोषणा की है। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा- आज मैं इन्वेस्ट राजस्थान में आकर बहुत खुश हुआ हूं। हमने 60 हजार करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट की घोषणा की है। जब सीएम अशोक गहलोत से बात हुई, तो हमने दो प्रस्तावों पर मंजूरी दी है। दो मेडिकल कॉलेज राजस्थान में खोले जाएंगे। जिन जिलों में



मेडिकल कॉलेज नहीं हैं, वहां सिविल हॉस्पिटल के साथ में मेडिकल कॉलेज खोलकर हम योगदान दे सकते हैं उस पर सहमति बनी है। उदयपुर में क्रिकेट स्टेडियम के लिए सीएम अशोक गहलोत और विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी से बात हुई है। अडाणी फाउंडेशन और अडानी ग्रुप की ओर से हम उस स्टेडियम को बनाने के लिए पूरा सहयोग देंगे।

### गहलोत और गौतम अडाणी एक ही ई-रिक्शा में सवार होकर आए

मीडिया से रूबरू होने के लिए सीएम अशोक गहलोत और गौतम अडानी एक ही ई-रिक्शा में सवार होकर आए। सीएम गहलोत ई-रिक्शा चालक के बगल की सीट पर बैठे। पीछे की सीट पर अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी, टोरेंट ग्रुप के चेयरमैन सुधीर मेहता और राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी बैठकर आए। ई-व्हीकल से उतरते ही सीएम अशोक गहलोत ने गौतम अडानी के कन्धे पर हाथ रखा और नजदीक से कुछ कहा। गहलोत और अडानी बड़े खुशमिजाज माहौल के बीच मीडिया के समक्ष पहुंचे। खास बात यह रही कि गहलोत ने अडानी और मेहता के बाद आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत को मीडिया से बातचीत के लिए आगे किया।

# ज्ञानमति माताजी के जयकारों के साथ रवाना हुआ जयपुर से हस्तिनापुर धार्मिक यात्रा दल, 13 बसों से रवाना हुए श्रद्धालु

## दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान जम्बूद्वीप हस्तिनापुर का स्वर्ण जयंती महोत्सव एवं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का 89वाँ जन्मजयंती शरदपूर्णिमा महोत्सव में होंगे शामिल

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर के स्वर्ण जयंती महोत्सव एवं गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का 89वाँ जन्मजयंती शरदपूर्णिमा महोत्सव में शामिल होने तथा विभिन्न धार्मिक तीर्थ क्षेत्रों के दर्शन लाभ हेतु जयपुर से धार्मिक यात्रा दल शुक्रवार,7 अक्टूबर को जयकारों के बीच रवाना हुआ। समाजसेवी अशोक चांदवाड, अंकित चांदवाड के नेतृत्व में गये इस धार्मिक यात्रा दल को नगर निगम ग्रेटर उप महापौर पुनीत कर्णावट, राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया। चांदवाड परिवार की ओर से दोनों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर भारतवर्षीय दिगम्बर जैन अग्रवाल महासंघ के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया, समाजसेवी शैलेष पाण्डया, अभिषेक जैन बिट्ठू, प्रमोद बाकलीवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य श्रेष्ठी उपस्थित थे। शुक्रवार को महावीर नगर में राम मंदिर के पास से 13 स्लीपर कोच बसों से रवाना हुए इस धार्मिक यात्रा दल में 525 यात्री शामिल हुए।

विनोद जैन 'कोटखावदा' एवं अशोक चांदवाड के मुताबिक यात्रा दल शनिवार 8 अक्टूबर को प्रातः हस्तिनापुर तीर्थ पहुंचकर दो दिवसीय धार्मिक आयोजनों में सहभागिता निभाएगा।

जैन ने बताया कि शरद पूर्णिमा महोत्सव के तहत शनिवार को प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक अभिषेक, शांतिधारा एवं भक्तों द्वारा शास्त्र भेंट,प्रातः 7 से 9 बजे तक जम्बूद्वीप महापूजा मण्डल विधान,प्रातः 9 से 9.30 बजे तक माताजी का मंगल प्रवचन होगा। मध्यान्ह 2 बजे दिगम्बर जैन सामाजिक एकता सम्मेलन, जम्बूद्वीप पुरस्कार समर्पण, युवारत्न पुरस्कार एवं भक्तों द्वारा शास्त्र भेंट,रात्रि 7 बजे आरती, संगीतकार श्री रूपेश जैन द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जैन के मुताबिक रविवार 9 अक्टूबर शरद पूर्णिमा को प्रातः 6 से 7 बजे अभिषेक एवं शास्त्र भेंट भक्तों द्वारा,प्रातः 7.30 से 8.15 बजे 78 अकृत्रिम प्रतिमाओं का विशेष अभिषेक,प्रातः 8.15 से 9.30 बजे मनोकामना सिद्धि विधान के बाद माताजी के मंगल प्रवचन होंगे। प्रातः 9.30 से 10 बजे ऋषभगिरि-मांगीतुंगी प्रतिकृति का उदघाटन होगा। मध्यान्ह 2 बजे से गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का 89वाँ जन्मजयंती शरदपूर्णिमा महोत्सव के अन्तर्गत मुख्य विनयांजलि सभा, 78 भक्त परिवारों द्वारा पूज्य माताजी का पादप्रक्षाल किया जाएगा। माताजी को पिच्छी भेंट करने का सौभाग्य अशोक जैन , अंकित जैन चांदवाड़-जयपुर को मिला है। कमण्डलु भेंट (श्रीमती सुजाता निरंजन शाह-पुणे द्वारा), गणिनी ज्ञानमती पुरस्कार समर्पण (वर्ष-2021) श्री राजेन्द्र पाटनी विधायक, वाशिम (महा.), गणिनी ज्ञानमती पुरस्कार समर्पण (वर्ष 2022) श्री प्रकाश मोदी डायरेक्टर पारस चैनल, स्वर्ण जयंती पुरस्कार समर्पण श्रीमती अनामिका जैन, प्रीतविहार-दिल्ली, रात्रि 7 बजे से महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। तत्पश्चात यात्रा दल जयपुर के लिए प्रस्थान करेगा। दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान ,जंबूद्वीप हस्तिनापुर द्वारा आयोजित इस आयोजन में जयपुर सहित पूरे देश से हजारों श्रद्धालु गण शामिल होंगे।

## सन् 1885 से निरन्तर अग्रसर श्री दिगम्बर जैन आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में नवनिर्मित 'स्वरुप आडिटोरियम' का उदघाटन समारोह रविवार को




### शिक्षा कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ बी डी कल्ला होंगे मुख्य अतिथि

जयपुर. शाबाश इंडिया। शहर की सबसे प्राचीन दिगम्बर जैन संस्था श्री दिगम्बर जैन संस्कृत शिक्षा समिति, जयपुर द्वारा संचालित सन् 1885 से निरन्तर अग्रसर श्री दिगम्बर जैन आचार्य संस्कृत महाविद्यालय,वीरोदय नगर, सांगानेर में नवनिर्मित 'स्वरुप आडिटोरियम' का उदघाटन समारोह रविवार,9 अक्टूबर को होगा। श्री दिगम्बर जैन संस्कृत शिक्षा समिति के अध्यक्ष रिटायर्ड आईएएस नरेश कुमार सेठी एवं मंत्री महेश चन्द्र जैन चांदवाड ने बताया कि रविवार को प्रातः 10.30 बजे से होने वाले इस उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में शिक्षा कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ.बी डी कल्ला होंगे।

## श्याम नगर महिला मंडल ने ब्लाइंड बच्चों को भोजन कराया



जयपुर . शाबाश इंडिया। श्याम नगर महिला मंडल ने ब्लाइंड बच्चों को एक समय का भोजन कराया। अंगुरी देवी ( सुमन पाटनी ) धर्मपत्नी अरुण जैन पाटनी ने बताया कि लगभग 250 विधार्थीयों के बाहर से आये दल के लिए मंडल ने रुपए 51000/- भेट किये।

# गरबे की धुन में झूमे सीकर वासी

## परिवार के साथ कार्यक्रम का लिया भरपूर आनंद



**सीकर. शाबाश इंडिया**

मेघा इवेंट्स, लोहिया रिसोर्ट, न्यू शिव शक्ति टेंट एंड लाइट हाउस एवं जगदंबा साउंड के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को लोहिया रिसोर्ट में गरबा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। झिलमिलाती रोशनी में राजस्थान व गुजराती परिधानों में सजी युवतियां व महिलाएं ने शानदार नृत्य प्रस्तुति दी। बच्चों व पुरुष वर्ग ने भी मन को लुभाती संगीतमय धुनों में गरबे का खूब आनंद लिया। इस दौरान पूरा माहौल खुशनुमा हो गया। विवेक पाटोदी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ में डांस ग्रुप द्वारा गणेश वंदना की गई। कार्यक्रम में सामूहिक गरबा, कपल ग्रुप डांस और ऑडियंस राउंड हुआ। कार्यक्रम में भाग लेने वाले महिलाओ, बच्चों व कपल ग्रुप्स के बीच बेस्ट डांस, फीमेल बेस्ट डांस, गर्ल डांस, बेस्ट कपल डांस, बेस्ट ड्रेस आदि पुरस्कार दिए गए। अंत में ऑडियंस के बीच भी बेस्ट डांस का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि विमल कुमार जैन , पवन कुमार जोशी थे। विशिष्ठ अतिथियों में संजय मंटू संघही, कमल पिंकी गंगवाल, रमेश शास्त्री निर्देशक विनायक स्कूल, संतोष शर्मा निर्देशक डी.ए.वी. स्कूल, स्वदेश शर्मा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा थे। मेघा पाटनी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलित कर किया गया। निर्णायक की भूमिका आरती शर्मा एवं श्वेता शर्मा ने निभाई। कार्यक्रम में राजस्थान से जुड़ी फिल्म अभिनेत्री, मॉडल और इन्फ्लुएंसर चारवी दत्ता ने गरबा की धुनों से समा बांधकर सबका मन मोह लिया । एंकर शान द्वारा कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन किया गया एवं डी.जे. महक स्मोकर द्वारा अपनी खूबसूरत प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर विकास सैनी, महेश सैनी, मनोज लोहिया, आलोक पाटनी, अमित छाबड़ा, मनोज सैनी, आनंद मोदी उपस्थित थीं। सौरव पाटनी ने बताया कि कार्यक्रम स्पॉन्सर अलंकार लाइट्स, नेक्सा (मारुति सुजुकी), अरिहंत आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर, विनायक एजुकेशन, ओवी इंटरप्राइजेज, हंसा लेडीज शोरूम, वस्त्रलोक, लक्ष्मी वैरायटी स्टोर है। प्राइज स्पॉन्सर इंडियन मोबाइल, विनायक मार्केटिंग कंपनी, पाटनी ट्रेडिंग कंपनी, कृतिका ब्यूटी सैलून है। फूड पार्टनर पूजा कैटर्स, डांस कंपनी डांस हाउस, कोरियोग्राफर क्रिस्टल डांस स्टूडियो है। विशिष्ट सहयोग जैन समाज सीकर से जुड़े वीरध्वनि डिजिटल का रहा।

# भाटिया भवन में 30वीं अखिल भारतीय दृष्टि बाधित संगीत प्रतियोगिता शुरू

## सजा सुरों का संसार, झूमते रहे संगीत रसिया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अनुराग संगीत संस्थान के बैनर तले संस्थान के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र के. गोधा की स्मृति में "एक शाम राजेंद्र के गोधा के नाम" होने वाला भक्ति संगीत समारोह आचार्यश्री सुनील सांगर जी महाराज जी की संघस्थ माताजी की समाधि हो जाने के कारण शुक्रवार शाम को स्थगित किया गयां।अब यह आयोजन शनिवार रात्रि को 8 बजे तोतुका भवन में किया जाएगा। वहीं त्रिदिवसीय 30वीं अखिल भारतीय दृष्टि बाधित संगीत प्रतियोगिता का आगाज शुक्रवार को राजापार्क के भाटिया भवन हुआ।इस मौके पर राजस्थान के अलावा देश के 15 राज्यों के कलाकारों ने मैली चादर ओढ़ के भगवन...प्यार का पहला खत लिखने में वक्त तो लगता है...जूली की कली,ओ मेरी लाड़ली...ओ दूर के मुसाफिर,हमको भी साथ ले लो...जैसे गाने सुनाकर अपने फन का जलबा बिखेरा और संगीत रसिकों को सुर सरिता में भिगोते रहे।संस्था के अध्यक्ष ज्ञानचंद झांझरी ने बताया कि संगीत की मधुर स्वर लहरियों के साथ आज सुबह इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सत्र हुआ।प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष प्रख्यात समाजसेवी अनिल जैन,मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी व अनुकंपा ग्रुप के एमडी गोपाल गुप्ता,अध्यक्षता कर रहे ए. आर.एल. इंफ्राटेक के चेयरमैन नंदकिशोर पहाड़िया व विशिष्ट अतिथि प्रख्यात समाजसेवी रमेश ठोलिया, अशोक कुमार जैन, व राकेश कुमार चांदवाड़,कमल सरावगी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित व सरस्वती वंदना से किया। इस मौके पर नेत्रहीन कलाकार रोहित चौहान ने दूल्हों का चेहरा सुहाना लगता है...दिल्ली से आए पीसी नागपाल ने ओ दूर के मुसाफिर,हमको भी साथ ले लो...जैसे फिल्मी तरानों गाए और उपस्थित श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। उद्घाटन समाराह में मंत्री दिलीप जैन,संगठन मंत्री विमल बज,कार्यकारिणी सदस्य,रूपिन काला,संयुक्त मंत्री वैभव जैन,कार्यक्रम संयोजक शांति जैन,बालकिशन वाण वाले,मनीष जैन आदि मौजूद रहे। अतिथियों का आभार संस्थान के उपाध्यक्ष महेश काला व संचालन ममनून मदनी ने किया।

### दिन में हुए बाल वर्ग एलिमेशन राउंड

इसी दिन दोपहर में संगीत स्पर्धा के बाल वर्ग में एलिमेशन राउंड,जिसमें कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत व गायन के माध्यम से सुरों का एक अद्भुत संसार संजोया और उपस्थित संगीत रसिकों को सुरवर्षा में भिगोते रहे। इस मौके पर जोधपुर के कवि जैन ने प्यार का पहला खत लिखने में वक्त तो लगता है...गुड़गांव के दीपक कुमार ने आज जाने की जिद ना करो...जोधपुर की रूचिका राठौड़ ने जूली की कल मेरी लाड़ली...चंचल ने मैली चादर ओढ़के भगवन...जैसी आध्यात्मिक रचनाएं श्रोताओं से की खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर राजस्थान के अलावा हरियाणा,महाराष्ट्र से आए कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी।

## आज होगा 'एक शाम राजेंद्र के गोधा के नाम' संगीत कार्यक्रम

संस्थान के महामंत्री डॉ अजीत कुमार जैन ने बताया कि संस्थान के बैनर तले संस्थान के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र के . गोधा की स्मृति में ''एक शाम राजेंद्र के गोधा के नाम'' होने वाला भक्ति संगीत समारोह आचार्यश्री सुनील सांगर जी महाराज जी की संघस्थ माताजी की समाधि हो जाने के कारण शुक्रवार शाम को स्थगित किया गया। अब यह आयोजन शनिवार रात्रि को 8 बजे तोतुका भवन में किया जाएगा। इस मौके पर दिल्ली के पीसी नागपाल, मुंबई की मोना टेलर, गंगानगर सुखप्रीत अजमेर के डॉ.नासिर हुसैन, डॉ.अजित जैन, बेबी अदिति सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। देशभर के ख्यातनाम दृष्टिबाधित कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीदिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण बोर्ड की चेयरपर्सन डॉ अर्चना शर्मा होगी। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन श्रीमती त्रिशला गोधा समाचार जगत परिवार करेंगी। इस अवसर पर लायन एम. जे. एफ. रोशन सेठी विशिष्ट अतिथि होंगे।

## वेद ज्ञान

### बुरे विचारों से बचें

मनुष्य के अंतःकरण में बुरे विचारों का जंजालरूपी जंगल उसकी जीवनलीला को उसी प्रकार समाप्त कर देता है, जैसे भयानक जंगल में जंगली जानवर अपने शिकार को खा जाते हैं। अक्सर देखने में आता है कि बुरे विचारों में घिरकर मनुष्य असहाय होकर अवसाद की स्थिति में पहुंचकर आत्महत्या जैसा पाप कर बैठता है। जैसा कि आजकल अक्सर देखने में आता है। इस स्थिति का मुख्य कारण लोभ, मोह, काम और क्रोध जैसी वासनाओं के वशीभूत होकर जीवन के मार्ग पर अकेले निकल पड़ना है। इन वासनाओं के कारण वह ईश्वर जैसे सच्चे सहारे को त्याग देता है और अपने कर्मों का स्वयं कर्ता बनकर कर्मफल को भोगना चाहता है। इस स्थिति में वह एक सच्चे मार्गदर्शक रूपी गुरु का सहारा भी नहीं लेता है, जो उसे वासनाओं के वशीभूत अर्जित कर्मफल को स्वयं भोगने से अलग रख सके। इन बुरे विचारों के जंगल में कुसंगति कटीली झाड़ियों और ऊबड़ खाबड़ रास्ते की तरह ही है, जो इस स्थिति को और भयावह और मुश्किल बना देती है। विचारों के इस बुरे जंगल से निजात पाने के लिए मनुष्य को धर्म का सहारा लेना चाहिए और इसके लिए उसे धर्म शब्द का उचित ज्ञान होना चाहिए। धर्मशब्द का असली तात्पर्य है ईश्वर द्वारा निर्मित प्रकृति के नियमानुसार जीवनशैली अपनाना, जबकि एक साधारण मनुष्य केवल पूजापाठ और अंध विश्वास को ही धर्म मान लेता है। भगवान ने राम और कृष्ण रूप में पूरी मानव जाति को विश्वास दिलाते हुए कहा है कि जब-जब संसार में धर्म की हानि होगी और अधर्म बढ़ेगा, तब-तब वे इस पृथ्वी पर अवतार लेंगे और अधर्म को समाप्त करेंगे। पृथ्वी पर हर प्राणी का जीवनरूपी संसार व्यक्तिगत होता है और इसके इस संसार में ईश्वर तब ही अवतार लेते हैं जब वह उन्हें पुकारता है, परंतु अक्सर देखने में आया है कि अप्राकृतिक जीवनशैली फंसकर मनुष्य ईश्वर को भूल जाता है। वह स्वयं इसका नियंता बनकर सम स्थिति से दूर जाकर कभी-कभी आत्महत्या जैसा विकल्प चुन लेता है। इसलिए इस जीवनरूपी संसार को सफलतापूर्वक पार करने के लिए प्राकृतिक जीवनशैली अपनानी चाहिए और जीवन को धर्म के अनुसार नियंत्रित करने के लिए एक सच्चे मार्गदर्शक रूपी गुरु की शरण भी लेनी चाहिए।

## संपादकीय

# दुनियां की अर्थव्यवस्था पर दिखा युद्ध का असर

दुनिया के तमाम देशों की नजर भारत पर लगी रही कि उसका क्या रुख रहता है। भारत चूंकि हमेशा से युद्ध के खिलाफ रहा है, रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी उसने स्पष्ट राय दे दी थी कि जितनी जल्दी हो सके, बातचीत के जरिए समाधान निकालना और युद्ध समाप्त कर देना चाहिए। मगर दोनों देशों के रवैये की वजह से यह युद्ध लंबा खिंचता गया। इसका असर भी अब दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं पर साफ नजर आने लगा है। ऊर्जा और खाद्य आपूर्ति शृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है। ऐसे में भारत ने एक बार फिर इस युद्ध को रोकने की बात की है। प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के राष्ट्रपति बोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात कर कहा कि यूक्रेन संकट का समाधान सैन्य बल से नहीं निकल सकता। उन्होंने चिंता जताई कि इस युद्ध में परमाणु ठिकानों पर हमले से दुनिया के सामने बड़ा संकट पैदा हो सकता है। अभी कुछ दिनों पहले एक हमले में जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत है, कोई बड़ा संकट



नहीं पैदा हुआ। इसकी जिम्मेदारी दोनों देश एक-दूसरे पर डालते रहे। रूस-यूक्रेन युद्ध में सबसे अधिक चिंता परमाणु संयंत्रों पर हमले और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर जताई जाती रही है। कुछ दिनों पहले रूस ने धमकी भी दी कि यूक्रेन को परमाणु हथियारों के हमले के लिए तैयार रहना चाहिए। युद्ध में अक्सर विवेक से काम नहीं लिया जाता। उसमें केवल किसी भी तरह अपनी जीत सुनिश्चित करने की सनक सवार रहती है। इसलिए यह आशंका निराधार नहीं है। यों भी रूस का रवैया ज्यादा अड़ियल नजर आता रहा है और उसने यूक्रेन पर हमले कर उसका काफी नुकसान पहुंचाया है। पिछले महीने समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मिले, तब भी हमारे प्रधानमंत्री ने उन्हें सलाह दी थी कि वे युद्ध का रास्ता छोड़ कर बातचीत के जरिए समाधान निकालने का प्रयास करें। तब पुतिन ने उनसे सहमति जताई थी। उस वक्त पूरी दुनिया में उम्मीद जगी थी कि रूस अब युद्ध का रास्ता छोड़ कर बातचीत की पहल करेगा। मगर हुआ इसके उलट। रूस ने फिर से युद्ध तेज कर दिया। इससे फिर यही साबित हुआ कि रूस किसी की सलाह पर अमल करने को तैयार नहीं। अब भारत ने यूक्रेन से भी युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील की है। सवाल है कि क्या भारत की इस अपील पर गौर किया जाएगा। यूक्रेन के युद्ध का रास्ता छोड़ने का अर्थ है कि रूस की सारी शर्तें मान लेना, जिसके लिए वह तैयार नहीं है। जिन देशों से उसे इस युद्ध में सहयोग की उम्मीद थी, वे भी शुरू से किनारा किए बैठे हैं। हालांकि कुछ देशों ने उसे आश्वासन देने में कोई कमी नहीं की। मगर सच यह है कि अब भी यूक्रेन अपने दम पर लड़ रहा है। यह यूक्रेनी नागरिकों के लिए सामरिक गर्व का विषय हो सकता है, पर इस युद्ध के चलते वहां के लोगों के जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। उसकी सारी अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है और यह अनिश्चित है कि अब कितने साल लगेंगे उसे बेहतर स्थिति में लौटने के लिए। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# हादसों की कड़ियां

यह पिछले कुछ दिनों से लगातार सड़क हादसों की आने वाली खबरों की एक कड़ी भर है, जिसमें चालक की मामूली गलती, लापरवाही या फिर सड़क की स्थिति की वजह से नाहक ही कई लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड में कोटद्वार-रिखणीखाल-बीरोंखाल मार्ग पर सिमड़ी के पास करीब पचास बारातियों को लेकर जा रही बस अनियंत्रित हो गई और पूर्वी नयार नदी की घाटी में जा गिरी। हादसे के वक्त अंधेरा घिर चुका था। ऐसे में खाई जैसी जगह में बचाव कार्य किस तरह चला होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। हो सकता है कि पहाड़ी इलाकों में बस चालकों को दुर्गम सड़कों पर वाहन चलाने का अभ्यास रहता है। लेकिन यह अलग से कहने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए कि एक पल की बहुत मामूली चूक भी बस के सभी यात्रियों के लिए जानलेवा हो सकती है। इस घटना में यही हुआ और इसकी कीमत कई लोगों की मौत के रूप में सामने आई। सवाल है कि इस बेहद तकलीफदेह घटना पर सिर्फ अफसोस जता कर क्या इस गंभीर होती जा रही समस्या का हल निकाला जा सकता है! हाल के दिनों में अन्य जगहों से भी इसी तरह के कई हादसों की खबरें आईं। मंगलवार को ही गुजरात के वड़ोदरा शहर में एक कंटेनर ट्रक चालक ने एक तिपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिसमें दस लोगों की मौत हो गई। बीते शनिवार को उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक ट्रैक्टर-ट्राली के सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में पलट जाने से छब्बीस लोगों की जान चली गई। विडंबना यह है कि एक तरह से ऐसे हादसों का सिलसिला जैसा चल रहा है, मगर इसकी रोकथाम के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं देखने में आता है, सिवा इसके कि घटना के बाद दुख जता दिया जाए या फिर जांच के निर्देश दे दिए जाएं। उत्तराखंड या किसी भी पहाड़ी राज्य में ऊंचे पहाड़ों के बीच बनी सड़कों पर सफर के खतरे जगजाहिर हैं। कई बार बहुत छोटी चूक भी सड़क पर वाहन चलाने के अनुभव पर भारी पड़ जा सकती है। इसलिए सुरक्षा के बहुस्तरीय इंतजाम की जरूरत होती है। मगर क्या सरकारों को यह सुनिश्चित करने की जरूरत लगती है? गौरतलब है कि पहाड़ी इलाकों में अगर सामान्य स्थितियों में वाहन अनियंत्रित हो या चालकों की लापरवाही हो तो उसे रोकने के लिए सड़क किनारे 'पैराफिट' यानी सुरक्षा दीवार या 'क्रैश बैरियर' का होना जरूरी है। दुर्घटना के लिहाज से हर संवेदनशील जगह की पहचान कर मजबूत 'पैराफिट' होने चाहिए। यह व्यवस्था पहाड़ी इलाकों में होने वाले हादसों को कम कर सकती है। बाकी मैदानी इलाकों में होने वाली दुर्घटनाएं भी आमतौर पर यातायात नियमों को धता बता कर या फिर शराब पीकर वाहन चलाने के चलते होती हैं। इसके अलावा, क्षमता से ज्यादा सवारियां भर लेना, वाहनों का दुरुस्त नहीं होना, तेज रफ्तार आदि भी हादसों की वजह बनते हैं। देश भर में सड़क यातायात के लिए एक समूचा तंत्र काम करता है। बाकायदा नियम-कायदे बनाए गए हैं। फिर भी आए दिन इतनी बड़ी तादाद में हादसे क्यों सामने आते हैं? हर साल सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोगों की जान नाहक ही चली जाती है, जिन्हें बहुत साधारण सावधानियों के बूते रोका जा सकता है। केवल बहुत अच्छी सड़कें बनाने से सुरक्षित सफर तय नहीं हो सकता। जरूरत इस बात की है कि हादसों को रोकने के लिए हर जरूरी उपाय के साथ उन पर चलने वाले वाहनों को भी बेलगाम होने से रोका जाए।

# DJSG - JPL ओवर आर्म क्रिकेट चैम्पीयनशिप का सेमीफाइनल आज

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रूप फ़ेडरेशन राजस्थान रीज़न जयपुर द्वारा DJSG - JPL ओवर आर्म क्रिकेट चैम्पीयनशिप का आज छटे दिन का खेल व लीग मुक़ाबले, केशर क्रिकेट अकडेमी ग्राउंड पर सम्पन्न हुवा। रीज़न अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि पहला सेमीफाइनल जनक श्री A व जनक श्री B के मध्य तथा दूसरा सेमीफाइनल वात्सल्य व पार्श्वनाथ के मध्य होगा। आज हुए अन्तिम लीग मैचो के पश्चात ग्रूप A में प्रथम स्थान पर जनक श्री A व द्वितीयस्थान पर पार्श्वनाथ टीम रही तथा ग्रूप B में प्रथम स्थान पर वात्सल्य व द्वितीय स्थान पर जनक श्री B टीम रही । आज खेले गये मुक़ाबलों में मैत्री , जनक श्री A , वात्सल्य टीम ने अपने अपने मैच जीते ।रीज़न महासचिव निर्मल संघी ने बताया कि आज मैत्री , पार्श्वनाथ , जनकपुरी C ने टॉस जीता तथा पुरुष्कार स्वरुप चाँदी का सिक्का प्रदान किया गया तथा मैत्री ग्रूप के अभिषेक बड़जात्या, जनक श्री A टीम के ऋषभ जैन , वात्सल्य के विकास जैन को मैन आफ द मैच के पुरुष्कार से नवाज़ा गया। आज मैच के दोरान रीज़न पूर्व अध्यक्ष अतुल - निलिमा बिलाला , जनक श्री ग्रूप अध्यक्ष नवीन जैन , वीर ग्रूप अध्यक्ष नीरज - रेखा जैन , मैत्री ग्रूप सचिव सुनील बड़जात्या , रीज़न क्रिकेट खेल सचिव सुनील जैन , राहुल सिंघल , वात्सल्य ग्रूप के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश लुहाड़िया, अध्यक्ष अनिल टोंग्या , सचिव अनिल जैन की गरिमामय उपस्तिथि रही ।










# प्रताप नगर जयपुर में होगा बाबा श्याम का भव्य जागरण, होगी इत्र एवं पुष्प वर्षा

**अमन जैन कोटखावदा.शाबाश इंडिया**

जयपुर। प्रताप नगर सैक्टर 26 में पहली बार श्री श्याम सेवक मंडल सेक्टर 26 के संयुक्त तत्वावधान में बाबा खाटू श्याम जी के भजन संध्या एवं छप्पन भोग झांकी का आयोजन किया जा रहा है।यह भव्य अयोजन सेक्टर 26 में प्रेम मन्दिर में पास गणेशम डिपार्टमेंटल के सामने होगा। कार्यक्रम के दौरान 9 अक्टूबर 2022 रविवार शाम 7 बजे से बाबा श्याम का गुणगान किया जाएगा। श्री श्याम सेवक मंडल ने शहर वासियों से आग्रह किया है कि कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लें। श्री श्याम सेवक मंडल के सेवादार देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि प्रताप नगर सैक्टर 26 प्रताप नगर में श्याम सेवक मंडल के तत्वावधान में पहली बार भव्य आयोजन




किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सांय 7 बजे से बाबा के गुणगान के साथ शुरू होगा। सेवक मंडल के सेवादार मोहित जैन ने बताया कि इस भव्य आयोजन में बाबा श्याम का पुष्पों से अद्भुत श्रृंगार किया जाएगा एवं बाबा श्याम की छप्पन भोग झांकी सजाई जायेगी। आयोजित कार्यक्रमों में बाबा के गुणगान के साथ सभी श्याम प्रेमियों का इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। पत्रकार अभिषेक जैन ने बताया की इस भजन संध्या में मशहूर श्याम भजन गायक श्याम सलोना कोटा वाले , रौशनी शर्मा (बांदीकुई), नवीन गौतम (कोटा) बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। श्री श्याम सेवक मंडल ने आग्रह किया की बाबा खाटू श्याम जी के इस पवित्र अयोजन का हिस्सा बनकर पुण्य का संचय करे। इस मौके पर भगवान सहाय गुप्ता, देवेंद्र कुमार गुप्ता, भगवान दास धाकड़, प्रशांक जैन, सुभम जैन, भास्कर सोनी, मोहित जैन , धर्मेन्द्र कुमार विनोद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जयपुर व्यापार महासंघ की मीटिंग सम्पन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर व्यापार महासंघ कार्यकारी समिति की चैम्बर ऑफ कॉमर्स भवन सभागार में मीटिंग हुई। मीटिंग में जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेन्द्र बज, कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडीया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सैनी सहित जयपुर के 46 बाजारों के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे। मीटिंग में जयपुर यातायात DCP श्री प्रह्लाद सिंह के सामने बाजार व्यापार मंडलो के प्रतिनिधियों ने यातायात संबंधी समस्याओं को रखा सबसे प्रमुख समस्या जयपुर में बाजारों में यातायात कर्मी यातायात को व्यवस्थित करने की बजाय चालान करने की तरफ ज्यादा ध्यान देते हैं, बेतरतीब रूप से नो विकल जोन मे खड़े ठेलो से व ई-रिक्शा के अव्यवस्थित खड़े होने से यातायात समस्या है, कुछ बाजारों में लम्बी दूरी तक यातायात कट न होने की समस्या भी सामने आयी। सभी बाजारों में स्थायी रूप से खड़ी कारों वाहनों के कारण भी चौपहिया वाहनों को जगह नहीं मिलने की समस्या भी बाजार व्यापार मंडल ने रखी। एम आई रोड पर अवकाश के दिनों में वन वे हटाने की बात एम आई रोड व्यापार मंडल ने रखी। जयपुर यातायात DCP प्रह्लाद सिंह व्यापार महासंघ की मीटिंग में सभी समस्याओं पर यातायात विभाग द्वारा सकारात्मक रुख अपनाने वे इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने का विश्वास दिलाया। जयपुर व्यापार महासंघ के सभी कार्यकारिणी सदस्यों को आज परिचय कार्ड दिए गये। मीटिंग में व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष कैलाश मित्तल, प्रकाश सिंह, सचिन गुप्ता, मिन्तर सिंह राजावत, कोषाध्यक्ष सौभाग मल अग्रवाल, सलाहकार हुकम चन्द अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों ने भी विचार रखे। आगामी दीपावली पर बाजारों में सजावट करने के विषय पर भी बातचीत हुई।

## शिक्षा की काशी कोटा नगरी में 100 वर्ष पुराने भवन को जैन समाज ने निखारा

### विद्या निलय का हुआ शुभारंभ, लौकिक शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक शिक्षा भी बहुत जरूरी

**कोटा. शाबाश इंडिया।** सम्पूर्ण भारत वर्ष में शिक्षा के लिये सुविख्यात धर्म प्राण नगरी कोटा शहर के अतिप्राचीन ऐतिहासिक भव्य जिन मंदिरों के बीच रामपुरा जैन गली में 100 वर्ष पुराने भवन को रिनोवेट कराकर ''विद्या निलय'' का प्रारूप देकर इसमे त्यागी व्रतियों एवम पाठशाला के बच्चों के लिए सुन्दर स्थान बनाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया। डिजिटल तरीके से बच्चों को धार्मिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। ट्रस्ट के पीयूष जैन बज राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन 'पार्श्वमणि' पत्रकार को जानकारी देते हुवे बताया कि जैन समाज बन्धुओं के अविस्मरणीय सहयोग से इस प्राचीन जगह को करीब 8 लाख रुपये लगाकर तैयार किया गया यहां पर साधु सन्तों और त्यागी व्रतियों को भी रुकने के लिए कमरों को सुव्यवस्थित करवाया गया है। यह बहुत बड़ी कमी महसूस की जा रही थी। पाठशाला नियमित चलें इसके लिए भी एक शास्त्री जी को लागाया गया है जो बच्चों को जैन धर्म की कक्षाएं संचालित करके अच्छे संस्कारों का बीजारोपण किया जा सके। उन्होंने आगे बताया कि इस 100 वर्ष प्राचीन भवन की ऐतिहासिकता पुरातत्वता ज्यों की त्यों बनी हुई है मात्र इसके अंदर रिवोनेट कराया गया है। लौकिक शिक्षा के साथ धार्मिक शिक्षा भी परम आवश्यक है। बचपन में दिये सद संस्कार पचपन की दहलीज पार करने के बाद भी ज्यों की त्यों बने रहते हैं। रामपुरा जैन समाज के प्रचार संयोजक जिनेन्द्र पापडीवाल ने बताया कि इस सराहनीय कार्य में सभी समाज बन्धुओं का अविस्मरणीय सहयोग मिला। और पीयूष जी बज के कुशल निर्देशन नेतृत्व में इस भवन को रिनोवेट कराकर सभी को साथ लेकर बहुत ही अच्छा सराहनीय प्रशंसनीय प्रयास करके इस जगह का सदुपयोग हों ऐसी भावना के साथ इसका कार्य किया गया। जिसकी पूरी समाज ने प्रशसा की। सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल नानता वाले और प्रकाश बज ने हर्षोल्लास के वातावरण में ''विद्या निलय'' का लोकार्पण करके पाठशाला का शुभारंभ किया गया। राकेश जैन चपलमन ने बताया कि इस सुअवसर पर जैन समाज के बंधुओ का भाव भीना अभिनन्दन किया गया। समस्त जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन 'पार्श्वमणि' पत्रकार ने प्रदान की।



# दीपोत्सव डांडिया के पोस्टर का हुआ विमोचन

# जैन सोशल ग्रुप महानगर का दीपोत्सव डांडिया 9 अक्टूबर को महावीर स्कूल में





जयपुर. शाबाश इंडिया। जैन सोशल ग्रुप महानगर के 9 अक्टूबर को महावीर स्कूल में होने वाले दीपोत्सव डांडिया के पोस्टर का विमोचन ग्रुप के अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्षों ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी संयोजक सह संयोजक एवं कार्यकारिणी सदस्यों की मीटिंग रखी गई एवं सभी ने एक सुर में दीपोत्सव डांडिया को ऊंचाइयां प्रदान करने का निर्णय लिया। डांडिया के मुख्य संयोजक दीपेश छाबड़ा ने बताया इस अवसर पर प्रदीप जैन सीएस जैन, सिद्धार्थ पांड्या, रवि प्रकाश जैन, वीरेंद्र जैन, राजीव जैन एवं वर्तमान अध्यक्ष संजय छाबड़ा और सचिव अनुज जैन मौजूद थे ।






## दुर्गापुरा महिला मंडल ने गौशाला में सहयोग किया



जयपुर. शाबाश इंडिया। इस समय लिंपी रोग गोवंश में तेजी से फैल रहा है। अनेक समाज सेवी संस्था इस भयानक रोग से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसी कडी मे दुर्गापुरा महिला मंडल के द्वारा भी मूक पशु की सहायतार्थ सहयोग दिया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष रेखा जैन व मंत्री रानी सोगानी ने बताया कि मंडल द्वारा सदस्यों के सहयोग से लंपी रोग से बीमार गायों के लिए आज बागड़ो का बड़ झोतर वाला में शिव राम सेवा समिति द्वारा संचालित गोशाला सहयोग दिया। गौशाला मे बीमार गायों के लिए एक अलग से शैड बनाया गया है जिसमें केवल लंपी रोग से बीमार गायों का इलाज किया जा रहा है। इस अवसर पर दुर्गापुरा महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा लुहाडिया व मंत्री रानी सोगानी के नेतृत्व मे वर्षा अजमेरा, रेणु पांड्या, मोना चाँदवाड, नीरू चाँदवाड, गरिमा जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रद्धा भक्ति से मनेगा आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज का अवतरण दिवस



## कचनार विमान महोत्सव में होगी आचार्य की पूजा, थूवोनजी में होगी 77 दीपों से आरती

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज का 77वां अवतरण अंचल भर की समाज द्वारा द्वारा श्रद्धा भक्ति से मनाया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य समारोह राजधानी भोपाल के रविन्द्र भवन स्थित मुक्ताकाश मंच पर होंगा। उक्त आशय के उद्गार दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने व्यक्त करते हुए कहा कि इसी दिन मुंगावली में आर्यिकारत्न श्री अंतरमति माताजी, शाढ़ौरा में आर्यिकारत्न श्री अमूल्य मति माताजी, वहदुरपुर में जागृति मति माताजी के सान्निध्य में कार्यक्रम होंगे।

### आचार्य श्री की होगी महा पूजा

कमेटी के महामंत्री विपिन सिघई ने कहा कि यद्यपि संघ में अवतरण दिवस मनाने की परम्परा नहीं है हम सब लोग भक्ति भाव से थूवोनजी में इस अवसर पर सत्तर दीपों से आचार्य श्री की आरती करेंगे इसी दिन कचनार में विमान महोत्सव में श्री जी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें कमेटी भाग लेंगी जहां धीरज भइया के निर्देशन में मन्दिर शिलान्यास होगा। वह जैन युवा वर्ग के संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों के आचार्य श्री महा पूजन आरती होगी, तदउपरान्त कलशाभिषेक सहित अनेक कार्यक्रम होंगे। इस हेतु कचंनार समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

### जगत कल्याण की कामना के लिए की शान्ति धारा

इसके पूर्व जगत कल्याण की कामना के साथ दर्शनोदय तीर्थ क्षेत्र थूवौनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य सौधर्म इन्द्र बनकर संजीव जैन, डॉ संदीप जैन विदिशा, इंसान इन्द्र बाबूलाल, आनंद कुमार, अजित कुमार शहपुरा, सनत इन्द्र अनिल कुमार , महावीर मोटर्स गुना, महेंद्र-इन्द्र शिखर चंद , अतुल कुमार अब्दुल्लागंज महेंद्र कुमार शैलेंद्र कुमार पारस गोल्डन परिवार अशोक नगर के साथ अन्य भक्तों ने किया। इस दौरान सभी अतिथियों का सम्मान कमेटी के महामंत्री विपिन सिघई, प्रचार मंत्री विजय धुर्रा, धनकुमार, मोनू वाटा, रिक्की जैन सोनू वगुलया सौरव जैन आदि ने किया ।

### होगा सामाजिक हस्ती का सम्मान

मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि मुनि संघ सेवा समिति के राष्ट्रीय संयोजक रविन्द्र जैन भोपाल के संयोजन में पिछले एक महीने से इस समारोह की व्यापक तैयारियां चल रही हैं। नो अक्टूबर की शाम को रविन्द्र भवन के मुक्ता काश मंच पर भक्ति नृत्य व भजनों का आयोजन होगा जिसमें जीटीवी के शो सारेगामापा विजेता शरद शर्मा टीम के साथ शानदार प्रस्तुतियां देंगे। इस दौरान कई सामाजिक हस्ती का सम्मान होगा। इसी दिन दस दिगम्बर जैन मुनि राजो का दीक्षा दिवस भी है।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

## लक्ष्य दीप पैराडाइज में गरबा नाइट का भव्य आयोजन



जयपुर. शाबाश इंडिया। भारतीय त्यौहार की परंपरा को जारी रखते हुए लक्ष्य दीप पैराडाइज जयपुर में गरबा नाइट का भव्य आयोजन किया गया। दो साल बाद हुएं गरबा आयोजन में नृत्य को लेकर अपार उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत महारानी कॉलेज अध्यक्ष मानसी वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर महाआरती के माध्यम से मां दुर्गा के आशीर्वाद का आवाहन करते हुए की। इस दौरान रंग बिरंगे परिधानों और पारंपरिक आभूषणों में सजे युवक - युवतिया पूरे उत्साह व जोश के साथ कदम से कदम मिलाकर झूमते हुए माता की भक्ति में लीन नजर आए। प्रणय सौगाणी, गौरव सिंह तंवर, आर्यन शर्मा तीनों दोस्तों ने गरबा नाइट का भव्य आयोजन किया। 700 से अधिक युवक-युवतियों ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ हिस्सा लिया।